हाय रे मैं तेरे कुर्बान

कजरारी आंखों वाले,
ओ लीले घोड़े वाले,
जब से सुना है तेरा नाम,
हाय रे मैं तेरे कुर्बान..

दुनिया है तेरे पीछे,
मैं भी हूं तेरे पीछे,
अपना बना ले मेरे श्याम,
हाय रे मैं तेरे कुर्बान..

आते हैं दर पे तेरे, लाखों अरमान ले के,
हम भी आएंगे बाबा, अपने अरमान ले के,
हाथों में अपने तेरा, सुंदर निशान ले ,

मैं हूं दर्शन का प्यासा,
छाई है घोर निराशा,
मुझको बुला ले खाटू धाम,
हाय रे मैं तेरे कुर्बान..

मोटर न बंगला माँगूं, न एसी कार माँगूंं,
ओ मेरे खाटू वाले, तेरा दीदार माँगूं,
मैं भी अपने हिस्से का, थोड़ा सा प्यार माँगूं..

किस्मत बना दे मेरी,
दुनिया सजा दे मेरी,
किरपा बरसा दे मेरे श्याम,
हाय रे मैं तेरे कुर्बान..

जब से है देखा तुझको, हो गये गुलाम तेरे,
अपना बना ले बाबा, आयेंगे काम तेरे,
अपना ये जीवन सारा, लिख देंगे नाम तेरे,

चाकर बना ले मुझको,
दर पर बिठा ले मुझको,
दिल में बसा ले मेरे श्याम,
हाय रे मैं तेरे कुर्बान..

- रचनाकार
अमित अग्रवाल 'मीत'
मो. 9340790112

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7481/title/haye-re-main-tere-kurbaan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |